12-MAY-JANJ BHOMMI PG-01_Layout 1 5/12/2024 10:14 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 13 मई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


4 महज पंजीयन करने तक सिमटा ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया कल

**पामगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा पहली,11वीं एवं 12वीं के रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया 14 मई को प्रातः 9:30 बजे विद्यालय के एडिशनल रूम में अधिकारियों,शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। इस बार कक्षा पहली में निर्धारित 50 सीटों के विरुद्ध 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं 11वीं गणित में 8,बायोलॉजी में 13 वाणिज्य में 7 तथा कक्षा 12वीं वाणिज्य में 4 एवं कला संकाय में 3 आवेदन प्राप्त हुए हैं 1कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। प्रवेश प्रक्रिया में 50% सीट बालिकाओं के लिए, बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों के लिए 25% सीट तथा 25% सीटों पर अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी ।इसके लिए प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।प्रवेश संबंधी अन्य कार्यवाही 16 से 20 मई के बीच पूर्ण की जाएगी।

### गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**जांजगीर-चाम्पा।** सारागांव सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में गर्मी शुरू होते ही कई बार बिजली बंद होना आम बात हो गया है। गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को बिजली की आंख मिचौली से परेशान होना पड़ रहा है। सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में विद्युत मंडल द्वारा बिना किसी पूर्वा सूचना के घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर रात हो या दिन कभी भी बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बिजली विभाग की उदासीनता के कारण उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है,जबकि प्रत्येक माह उनके द्वारा समय पर बिजली बिल जमा किया जा रहा है। एक ओर लोग गर्मी से परेशान हैं, वही बिजली की आंख मिचौली से कूलर पंखे शो पीस साबित हो रहे है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही विभाग से सुचारु रुप से व्यवस्था बनाने की मांग की है।

### आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 10 हजार रुपए जब्त किया गया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। जिले में पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वाले के विरुद्ध जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अति पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जुआ, सट्टा खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवं थाना जांजगीर पुलिस को शनिवार 11 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खालसा ढाबा कुलीपोटा के पास जांजगीर निवासी आकाश बजाज अपने मोबाइल के माध्यम से आईपीएल मैच का सट्टा खिला रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही कर पुलिस ने आकाश बजाज को पकड़ा। उसके कब्जे से 01 नग मोबाइल जिसमे आईपीएल मैच का रकम लेन देन लिखा एवं नगदी रकम 10 हजार रुपए बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध कमांक 428/24 धारा 6,7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर रविवार 12 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

सेवा सहकारी समिति में खाद, बीज का संग्रहण शुरु

# खरीफ सीजन की खेती के लिए किसानों में बंटेगा दो अरब का लोन, तैयारी में जुटा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खरीफ फसल की खेती करने के लिए इस बार जिले के किसानों को 2 अरब रुपए तक का लोन बांटा जाएगा। इसके लिए विभाग की तैयारी शुरु हो चुकी है। सेवा सहकारी समितियो में खाद बीज के संग्रहण को लेकर तैयारी चल रही है।**

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिला कृषि प्रधान माना जाता है। यहां धान के अलावा चना, गेहूं, मुंगफली, सोयाबीन सहित अन्य फसलो की पैदावार की जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार पिछले साल जहां जांजगीर जिले के किसानो को करीब 1 अरब 80 करोड़ रूपए का लोन खाद बीज की खरीदी करने को लेकर बांटा गया था। वहीं इस साल 20 करोड रूपए बढ़ाकर 2 अरब रूपए तक कर दिया गया है, जिसका लाभ लोन लेने वाले किसानो को मिलेगा। हांलाकि लोन लेने के बाद जब किसान धान की कटाई एंव मिंजाई कर उसे उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से बेच देते है। इस दौरान लोन लेने वाले किसानो का कर्ज धान के माध्यम से काट लिया जाता है। किसान जितने का धान बेचते है वहीं इनमे से लोन की राशि को काटकर बाकी पैसा किसानो के बैंक खातो में जमा करा दी जाती है। देखा जाए तो किसान जो धान बेचते है उसी के दौरान राशि जमा हो जाती है। इधर कर्ज लेने की राशि बढने के बाद कई किसान जो किसान खाद बीज एंव खेती किसानी करने के लिए आज भी साहूकारो पर निर्भर रहते है। ऐसे किसान साहूकारो के बजाय अब ज्यादा से ज्यादा लोन सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से ले सकते है। जांजगीर चाम्पा जिले में 101 सेवा सहकारी समिति एंव129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से करीब 66 लाख क्विंटल से



अधिक की धान खरीदी की गई थी। वही आने वाले धान की खरीदी करने का आंकडा बढने के साथ पंजीकृत किसानो की संख्या भी बढ सकती है।

### खाद बीज की कर देते है कालाबाजारी

मई एवं जून माह से ही खरीफ सीजन के दौरान धान सहित अन्य फसल लगाने के लिए किसान तैयारी में जुट जाते है। वही दुसरी ओर इसी सीजन के दौरान जो खाद बीज सेवा सहकारी समितियों में जाना चाहिए उसके पहले से ही खाद बीज की कालाबाजारी शुरू हो जाती है। हाल के ही कुछ दिनो पूर्व कृषि विभाग की संयुक्त टीम के बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत नवगंवा के एक गोदाम में दबिश देकर 500 बोरी युरिया को जब्त करने के साथ दुकान को सील करने की कार्यवाही की गई थी। वही जैसे जैसे खेती किसानी का दौर जून माह से शुरू हो जाता है। इस बीच खाद बीज की कालाबाजारी भी धीरे धीरे शुरू हो जाती है।आज भी जिले के ज्यादातर किसान हरी खाद के बजाय अपने खेतो में रसायनिक खाद युरिया, फासफोरस, पोटाश का उपयोग ज्यादा करते है। जबकि हरी एंव गोबर खाद का उपयोग करने से ना केवल फसल अच्छी होती है। वहीं रसायनिक खाद खेतो को ज्यादा नुकसान पहुंचाकर फसलो की पैदावार पर असर डालते है।

### जिले में 1 लाख 22 हजार से अधिक पंजीकृत किसान

वैसे देखा जाए तो जिले में 1 लाख 50 हजार से अधिक पंजीकृत किसान है जिनमें 1 लाख 22 हजार से अधिक किसानो ने समर्थन मुल्य पर धान बेचने पंजीयन कराया था। हांलाकि पंजीयन कराने के बाद भी धान बेचना जरूरी नही रहता है। यह किसान के परिस्थी पर निर्भर रहता है। जो किसान पंजीयन कराए थे। उनमें से करीब 5 हजार किसानो ने धान नही बेचा वही 1 लाख 17 हजार से अधिक किसानो के माध्यम से करीब 66 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई। वही खेती किसानी के लिए लोन मिलने के बाद किसानो को राशि मांगने के लिए इधर उधर भटकने से भी निजात मिलेगी।

### दिया जाएगा लोन

खरीफ सीजन के तहत खाद बीज खरीदी को लेकर किसानो को 2 अरब से अधिक का लोन किसानो को दिया जाना है। पिछले साल की तुलना में 20 करोड अधिक है। खाद बीज भंडारण को लेकर व्यवस्था बनाने प्रभारियों को आदेशित किया गया है।

-**रेशमलाल तिवारी,** नोडल अफसर
जिला सहकारी बैंक जांजगीर-चांपा



नैला डिपो में खड़ी सिटी बस, जिसके पहिया व अन्य पार्ट्स हो गए गायब।

## गर्मी में लोगों को खल रही सिटी बस की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस सेवा अब तक पटरी में नहीं आ सकी है। गर्मी के मौसम में लोगों को सिटी बस की कमी खल रही है। लोगों को जिला मुख्यालय सहित आसपास के शहरी इलाकों में आवागमन करने में आटो और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार आदि क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्याल, जिला परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है।

■ कबाड़ में तब्दील हो गई सिटी बस, सुध लेने वाला कोई नहीं



घटना में मृत महिला एवं खड़ीबाइक।

## ब्रेकर पर उछलकर बाइक से गिरी महिला की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोरबा जा रहे दंपती की बाइक पकरिया झूलन जंगल मोड़ के पास बने ब्रेकर में उछलकर सड़क किनारे गिर गई। इस हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार, बलौदाबाजार निवासी धर्मेंद्र वैष्णव अपनी पत्नी माधुरी वैष्णव के साथ बाइक से कोरबा में हो रहे छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। दोनों रविवार 12 मई की सुबह करीब 6.30 बजे पकरिया झूलन के जंगल मुख्य मार्ग के मोड़ के पास पहुंचे हुए थे। यहां बने ब्रेकर पर धर्मेंद्र वैष्णव ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और उछलकर उसकी पत्नी माधुरी वैष्णव सड़क के किनारे सिर के बल जा गिरी। जिससे सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही खून का तेज बहाव होने लगा। घटना की जानकारी राहगीरों ने 108 को दी। वहीं इलाज के लिए दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच बाद माधुरी को मृत घोषित कर दिया। वही धर्मेंद्र को हल्की चोट आई है। घटना की जानकारी पामगढ़ पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमॉर्टम करवाया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

■ मुलमुला थाना क्षेत्र के पकरिया जंगल की घटना

### मार्ग में बने जगह-जगह गड्ढे, लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कत

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। लोगों को आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

## यातायात नियमों की सीख देने वाहन चालकों को भेंट किया गुलाब का फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा सडक दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन करने अभियान चलाकर लोगों को समझाइश दी जा रही है। वहीं यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया जा रहा है।

■ सभी थाना क्षेत्र में अभियान चलकार दी गई समझाइश



गुलाब फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने समझाइश देते जवान।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा सडक दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी प्रदीप कुमार जोशी द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी के परिपालन में रविवार 12 मई को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वृहद रूप से विशेष अभियान चलाकर मोटरसाइकिल में हेलमेट धारण करने वाले एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आम नागरिकों को भी यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की समझाइस दी गई। उपरोक्त वाहन चालकों को सम्मानित करने एवं समझाइश देने में प्रदीप शोरी उप पुलिस अधीक्षक, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, डीएसपी अनिल कुर्रे, प्रशिक्षु डीएसपी संगम राम, प्रदीप जोशी, प्रभारी यातायात एवं जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पढाई में अधिक खर्च होने से तंग युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



मृत युवक।

पढाई लिखाई के दौरान अधिक खर्चा हो जाने की बात को लेकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं युवक ने सोसाइड नोट भी लिखा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्मा की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तुस्मा के ज्योदगीर मोहल्ला निवासी राहुल कुमार पिता विजय कुमार साहू उम्र 21 वर्ष दुर्ग में रहकर बी फार्मेसी करता था। कुछ दिनों पूर्व राहुल अपने गांव तुस्मा आया था। इस बीच उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक बी फार्मेसी की पढाई लिखाई के दौरान अधिक पैसा खर्च हो रहा था। जिससे वह परेशान रहता था। ऐसे में आर्थिक समस्या के चलते युवक ने फांसी लगा ली। वहीं राहुल के माता पिता कमाने खाने के लिए परदेश गए हुए है। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद युवक के शव का पंचनामा उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं उनके माता पिता को भी सूचना देकर बुलवाया जा रहा है।

■ लिखा सोसाइड नोट, जांच में जुटी पुलिस



अवैध रुप से संचालित ईंट भट्ठा।

## क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ किकिरदा-बिर्रा

नवीन जिला सक्ती को बने डेढ़ वर्ष बीतने को है, लेकिन यहां गौण खनिज के अवैध कारोबार करने वालों के प्रति कार्यवाही के नाम पर जिला प्रशासन का कोई खास कदम देखने को नहीं मिला है। आलम यह है कि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों की भरमार हो गई है, वहीं रेत का अवैध उत्खनन भी जारी है। कार्रवाई के अभाव में अवेध कारोबारियों के हौसले बुलंद है।

गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत हसौद तहसील के ग्राम पंचायत सेंद्री, मुक्ता,चोरभट्ठी, और जांजगीर चांपा जिला के अंतर्गत बम्हनीडीह ब्लाक के सेमरिया, बांसुला में बड़ी तादाद में अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे है। रसूखदार व्यक्तियों द्वारा खनिज नियमों को ताक पर रख कर बिना किसी अनुमति के पिछले कई वर्षों से लाल ईंट का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इससे शासन को प्रति वर्ष करोड़ों का नुकसान हो रहा है। शासन को चुना लगाने वाले रसूखदार व्यक्तियों के काले कारोबार पर नकेल कसने में प्रशासनिक अधिकारी नाकाम नजर आ रहे है। ईंट के अवैध कारोबार के साथ ही नदी के तट से रेत का अवैध उतखनन और परिवहन भी लगातार जारी है। बावजूद इसके जिला प्रशासन में बैठे हुए अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने में रुचि नही दिखा रहे हैं।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाती है। जांच कराकर शासन के नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

-**हेमंत चेरपा,**
खनिज अधिकारी
जांजगीर-चांपा

आधा दर्जन से अधिक गांवो के पुलियों में नहीं लग पाई है रेलिंग

## रेलिंग विहीन पुल-पुलिया हादसो को दे रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के आधा दर्जन से अधिक रेलिंग विहीन पुल पुलिया गंभीर हादसो को आमंत्रण दे रहे है। यहां से गुजरते समय राहगीरो को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बावजुद इसके जिम्मेदार विभाग को कोई सरोकार नही है, जिसके चलते लोग गंभीर हादसो के शिकार भी हो जाते है। आधा दर्जन से भी अधिक गांवो के पुल- पुलियो की स्थिति यही बयां कर रही है।

गौरतलब है कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 के साथ-साथ अन्य प्रमुख मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक स्थानो पर रेलिंग विहीन विहीन पुल पुलिया है। इन गांवो में प्रमुख रूप से कमरीद, कोसमंदा सहित सहित अन्य जगहों पर पुल एवं पुलियो का निर्माण किया गया है, ताकि लोगों को आवागमन करने में सुविधा मिले, लेकिन समय बीतने के साथ ही साथ पुल-पुलिया जर्जर होकर टुटने लगे है। कई जगहो पर तो रेलिंग का निर्माण कार्य आज पर्यन्त नहीं हो पाया है, जिसके चलते हादसे भी होते है। खासकर रेलिंग विहीन पुलियों से गुजरते समय दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। रेलिंग विहीन होने के चलते हमेशा दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। खासकर रात के समय लोग हादसों का शिकार भी हो जाते है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 की सीमा जिले में कुटीघाट से प्रारंभ होती है, जो सक्ती के पास मसनियां कलां तक जाती है। कई जगहों पर रेलिंग विहीन पुलिया है, जिस पर आज पर्यन्त रेलिंग का निर्माण नही किया जा सका है। ऐसे में इन स्थानों पर दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा शासन से मिले दिशा निर्देश के अनुसार लोक निर्माण विभाग को सड़को के किनारे रेडियम लगाए जाने के दिशा निर्देश मिले है, ताकि रात के समय आवागमन करने वाले राहगीरों को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो लेकिन इसके विपरीत सड़को पर रेडियम नजर नहीं आते है, जिसके चलते लोगों को पुल पुलिया रात के समय दिखाई नही पड़ता है, जिसके चलते लोग हादसो के शिकार भी हो चले जाते है। सडको में रेडियम लगाने को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीर नजर नही आता है। जबकि इसके लिए शासन के द्वारा उन्हें दिशा निर्देश भी मिला हुआ है।



रेलिंग विहीन पुल।

## खबर संक्षेप





### अस्पताल में भर्ती दो मरीजों ने किया मतदान

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में शत-शत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करने निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप पावर हाउस रोड नहर पुल के पास स्थित श्वेता नर्सिंग होम,कोरबा ने भी अपनी सहभागिता दी है। श्वेता नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ.बीडी अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों में से दो मरीज ने लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को अपना मतदान करने की इच्छा जाहिर की थी। यह जानते ही उन्हें अस्पताल के एम्बुलेंस में अटेंडर के साथ उनके मतदान केंद्र तक सावधानी पूर्वक पहुंचाया गया। 53 वर्षीय फिरमति साहू और 38 वर्षीय ज्योति ध्रुव ने अपने पोलिंग बूथ क्रमांक 223 मुड़ापार में जाकर मतदान किया। मतदान कराने के बाद अस्पताल में लाकर पुनः भर्ती किया गया है। इन दोनों मरीजों ने मतदान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए अस्पताल प्रबंधन व अटेंडर के प्रति आभार जताया है। इन्होंने कहा है कि वह बीमार हालत में अस्पताल में रहने के बावजूद अपने मत का उपयोग कर पाए तो इस बात की उन्हें बहुत खुशी है। 7 मई मंगलवार को उंगली में मतदान की स्याही दिखाने वाले मतदाता को नर्सिंग होम में निःशुल्क ओपीडी का लाभ देने की बात कही गई थी। ऐसे 32 लोगों ने इस छूट का लाभ लिया और मतदान की स्याही दिखाकर ओपीडी की सेवा निशुल्क हासिल की है।

### पानी की तलाश में भटककर रिहायशी इलाके में पहुंच रहे वन्य प्राणी

**कोरबा।** लगातार बढ़ती गर्मी के बीच हर बार की तरह इस बार फिर जिले के जंगलों से वन्यप्राणियों का भटक कर आबादी क्षेत्रों में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वन्य प्राणी आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही जंगल के समीप बसे गांव में भी पहुंचकर पानी की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही वन्य प्राणी भी जंगलों से भटककर आबादी क्षेत्रों में आने के बाद कभी-कभार ही सुरक्षित जंगलों में लौट पाते हैं। या तो गांव के ही लोग उनका शिकार कर लेते हैं या फिर वे गांव के आवारा कुत्तों के शिकार बन जाते हैं। बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रोतों में पानी की मात्रा तेजी से घट रही है। वहीं कई जल स्त्रोत तो अप्रैल माह के शुरूआती दिनों में ही दम तोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि यही वजह है कि वन्य प्राणी पानी की तलाश में भटकते हुए जंगलों से लगे आसपास के गांवों में पहुंच रहे हैं।इसकी एक वजह ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगलों में प्राकृतिक रूप से अथवा मानवीय चूक के कारण लगने वाली आग भी है। क्योंकि जंगलों में आग लगने के बाद कई प्राणी न सिर्फ भयभीत हो जाते हैं बल्कि शाकाहारी वन्यप्राणी की खुराक भी नष्ट हो जाती है और मजबूरन उन्हें भोजन पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### एसईसीएल सीएमडी ने खदानों में मानसून पूर्व तैयारियों का लिया जायजा



**कोरबा।** एसईसीएल दीपका मेगा परियोजना में उतरे सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने मानसून तैयारियों का जायजा लिए। साथ ही शीर्ष एरिया प्रबंधन की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा दीपका मेगापरियोजना के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने खदान के हर पैच में उत्पादन-उत्पादकता से जुड़े विषयों पर चर्चा की एवं आगामी महीनों के लिए उत्पादन योजना के बारे में जानकारी ली। आगामी मानसून को देखते हुए उन्होने उससे जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की साथ ही उत्खनन विभाग के अधिकारियों के साथ डिपार्टमेंटल क्षमता की बेहतर उपयोगिता को लेकर चर्चा की।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

# महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी जाना हालचाल



बच्चे को चॉकलेट देते कलेक्टर अजीत वसंत।



निरीक्षण के दौरान जानकारी जुटाते कलेक्टर एवं एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला जेल कोरबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर-एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान मुलाकात कक्ष, किचन, पुरूष बैरेक, प्रवेश द्वार, गौशाला आदि के साथ बुजुर्ग बंदियो के बैरकों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व एसपी ने जेल में मौजूद विभिन्न पंजियों और सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम की भी जांच की। कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके मामलों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला जेल की 15 बैरकों में कुल 238 बंदी निरूद्ध होने की जानकारी दी गई। बैरक में कलेक्टर-एसपी ने महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी हालचाल पूछा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां बांटी। कलेक्टर ने इस दौरान जेलर को बच्चों को खेलने के लिए खिलौनों और महिलाओं तथा अन्य कैदियों को पढ़ने के लिए ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक पुस्तकों के अलावा समय के सदुपयोग के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने, मानसिक तनाव को दूर करने योगा, व्यायाम कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर व एसपी ने बंदियों को भोजन देने की व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेने के साथ जेल परिसर में घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जेलर को निर्देशित किया कि जेल मैन्युअल के अनुसार जो भी आवश्यकताएं हैं, उसे प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि यहां की आवश्यकताओं को पूरा कर समस्याओं को दूर किया जा सकें। कलेक्टर ने किचन सहित टॉयलेट को साफ-सफाई रखने, बंदियों को मानसिक तनाव से दूर रखने और जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियां आयोजित कराने, सब्जी-बाड़ी लगाकर उत्पादन बढ़ाने तथा गौ-शाला के माध्यम से दूध उत्पादन के संबंध में जेलर विजयानंद सिंह को निर्देश दिए।

**खास बात**

- स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

## बालको से दो ट्रकों में निकला 1 करोड़ 80 लाख का एल्युमिनियम गायब





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको से एल्युमिनियम लोड कर गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को रवाना दो ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। दोनों ट्रकों में लगभग 58.614 एमटी एल्युमिनियम रास्ते से ही गायब हो गया। सूचना मिलने पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर के मैनेजर बनी सिंह ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अप्रैल को ट्रक नंबर जीजे 12 बीएक्स 9094 के ड्रायवर जीत पटेल के द्वारा 29.280 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 89 लाख 91 हजार 742 एवं 22 अप्रैल को ट्रक क्रमांक जीजे 17 एक्सएक्स 0542 के ड्रायवर अरविंद के द्वारा ट्रक में 29.334 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 90 लाख 8 हजार 325 रूपये है। दोनों ट्रक बालको प्लांट से ईस्टर लाईट पावर ट्रांसमिसन लिमिटेड सिलवासा गुजरात के लिए रवाना हुए लेकिन अब तक वहां नहीं पहुंचे है।

कम्पनी के लोगों को ऐसा पता चला कि उक्त दोनों ट्रकों के ड्रायवर जीत पटेल एवं अरविंद के द्वारा ट्रकों में लोड एल्युमिनियम को अन्यत्र स्थान पर ले जाकर बिक्री कर दिया गया है। मैनेजर बनी सिंह की शिकायत पर बालको पुलिस ने धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु कर दी है।

**खास बात**

- बालको संयंत्र से गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन को रवाना हुए थे दोनों ट्रक

## जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ और बेमौसम बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवतपा से पहले जिले के अलावा सीमावर्ती जिलों के भी बड़े हिस्से में अगले कुछ दिनों तक बादल और बारिश के हालात रहेंगे। राज्य में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। मौसम विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि 12 से 14 मई तक सभी संभागों में अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, अगले 2 दिन 2 से 3 डिग्री दिन का तापमान बढ़ेगा। बीते शुक्रवार को सबसे अधिकमत तापमान 43.3 डिग्री कोरबा में रिकार्ड किया गया।

चार दिन पहले ही जिले में जमकर अंधड़ आने से कई प्रकार के नुकसान हुए। मजबूत पेड़ों के टूटने के कारण बिजलीपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के साथ आंधी चलने के कारण बारिश कई जगह पेड़ गिरने से रास्ता बाधित हो गया। जिले में आकाशीय बिजली गिरने से भी नुकसान हुआ। तीन मवेशियों की भी मौत हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

इस दौरान कहीं-कहीं पर बादलों की गरज के साथ अंधड़ भी चल सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पडने की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। जिले में भी इसका असर दिख रहा है।

**खास बात**

- मौसम विभाग की चेतावनी, बरतनी होगी सावधानी

### एसईसीएल कर्मी ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर क्वाटर क्रमांक एम 989 निवासी आरएल कुर्रे ने शनिवार की सुबह घर के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक गेवरा परियोजना में बतौर सीनियर डंफर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था।



जानकारी के अनुसार मृतक आरएल कुर्रे की पत्नी सुबह टहलने गई थी, वापस आने पर देखा की मृतक के गले में रस्सी का फंदा था और उसका शव जमीन पर पड़ा हुआ था, घर में सो रहे बेटे ने पहले मृतक को लटका हुआ देखा, पिता को बचाने उसने रस्सी काट दी। परंतु आरएल कुर्रे की सांसे थम गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दी। आरएल कुर्रे ने कैसे और किन परिस्थितियों में आत्महत्या की है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

# ठेका कर्मियों को मिली राहत प्रबंधन ने बढ़ाया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया प्रबंधन ने ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। अब ठेका मजदूरों को न्यूनतम 1176 रुपया व अधिकतम 1266 रुपया प्रतिदिन बेसिक मिलेगा। इसके साथ बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान किया जाएगा।

**ठेका मजदूरों की श्रेणी व प्रतिदिन का संशोधित वेतन**

| श्रेणी | वेतन (बेसिक) |
|---|---|
| अनस्किल्ड (अकुशल) | 1176 |
| सेमी स्किल्ड (अर्ध-कुशल,पर्यवेक्षक) | 1206 |
| स्किल्ड (कुशल) | 1236 |
| हाइ स्किल्ड (अत्यधिक कुशल) | 1266 |

(नोट : बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान होगा )

एसईसीएल समेत कोल इंडिया व अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत ठेका कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। कोल इंडिया प्रबंधन ने ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। अब ठेका मजदूरों को न्यूनतम 1176 रुपया व अधिकतम 1266 रुपया प्रतिदिन बेसिक मिलेगा। इसके साथ बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान किया जाएगा। कोल इंडिया के जीएमपी गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। निदेशक मंडल (एफडी) ने 25 सितंबर को आयोजित 458 वीं बैठक में ठेका मजदूरों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा में संशोधन के लिए राष्ट्रीय वेतन समझौता (एनसीडब्ल्यू-11) के तहत गठित ज्वाइंट कमेटी यानी हाइ पावर कमेटी (एचपीसी) द्वारा की गई सिफारिशों को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक 9 अगस्त 2023 से ठेका कर्मियों को बढ़ा हुआ वेतन का लाभ मिलेगा। वहीं अंडर ग्राउंड भत्ते सहित अन्य नियम और शर्तें यथावत हैं। कोल इंडिया के इस निर्णय ने बीसीसीएल के 6110, सीसीएल के 6461 व इसीएल के 7045 समेत कोल इंडिया के करीब 90 हजार ठेका मजदूर लाभान्वित होंगे। बता दें कि वर्तमान में वीडीए छोड़ अनस्किल्ड ठेका कर्मियों को 787 रुपया, सेमी स्किल्ड को 817 रुपया, स्किल्ड को 847 व हाइ स्किल्ड ठेका कर्मियों को 877 रुपया प्रतिदिन का बेसिक मिलता है, जबकि वीडीए जोड़ उन्हें क्रमशः 1042 रुपया, 1082 रुपया, 1122 रुपया व 1162 रुपया प्रतिदिन का वेतन मिलता रहा है।

## एसईसीएल महानिदेशालय में द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





बैठक के दौरान अधिकारी कर्मचारी।

एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल नागपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सुरक्षा दीप प्रज्जवलन से हुआ उपरांत कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया।

इसके पश्चात कार्य के दौरान वीरगति को प्राप्त करने वाले श्रमवीरों दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई एवं समस्त उपस्थितों द्वारा सुरक्षा शपथ लिया गया। बैठक में सभी आगन्तुकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत सम्बोधन जीपी शर्मा महाप्रबंधक (खान सुरक्षा/बचाव) ने देते हुए सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में पावरप्वाईंट के माध्यम से मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर एवं सभी अतिथियों ने एसईसीएल में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों की सराहना की साथ ही खदानों में सुरक्षा से जुड़े उपायों की समय-समय पर समीक्षा करने एवं खनिकों को सुरक्षा एवं बचाव के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया। बैठक की अध्यक्षता रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर द्वारा की गई। बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय से वीर प्रताप, निदेशक खान सुरक्षा (रायगढ़ क्षेत्र), मुकेश कुमार सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 1), राजेश कुमार सिंह निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 2), मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), टी श्रीनिवास, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), अरुण कुमार, उप निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 2), बी भद्रू, उप-निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 1), एवं एसईसीएल प्रबंधन से निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (योजना, परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्यालय से सुरक्षा एवं बचाव विभाग सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मनरेगा में मजदूरी दर से ज्यादा खर्च किया गया सामग्री सप्लाई में

**कोरबा।** जिले के पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्रामों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार मूलक कार्य कराए गए थे।

इन कार्यों में जिम्मेदार मनरेगा के अधिकारियों द्वारा मजदूरी दर से ज्यादा सामाग्री सप्लाई में खर्च दर्शाया गया है, जो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर इंगित करता है। इस मामले को लेकर अब तक जिला पंचायत व मनरेगा प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है।

इस मामले के अनुसार जिला पंचायत कोरबा में महात्मा गांधी मनरेगा के तहत विकास खण्ड पाली एंव पोडी उपरोड़ा में जो रोजगार मूलक कार्य कराए गए हैं उनके वित्तीय गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। इनके अनुसार मनरेगा में प्रति वर्ष लेबर बजट बनता है।

**प्रारूप संख्या 4**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 देखिये)**

मेरे समक्ष यह आवेदन किया गया है कि मिथलेश कश्यप पिता गोपाल कश्यप, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम तुलसी, थाना नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने भारतीय दण्ड संहिता धारा 363, 354क, 376, 342 एवं धारा 04, 08, 18 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिथलेश कश्यप विगत दो माह से ग्राम में नहीं रह रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिथलेश कश्यप फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मिथलेश कश्यप, इस न्यायालय के समक्ष उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.06.2024 को हाजिर हो ।

दिनांक-02.05.2024

**(प्रशांत पाराशर)**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**एफ.टी.एस.सी. (पाक्सो)**
**बलौदाबाजार (छ.ग.)**

## बालको ने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को दिया स्थान : राजेश

**कोरबा।** बालको ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के ट्रांसफार्म द प्लेनेट की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141 प्रतिशत राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी संजय मेहता ने एमओयू के बारे में कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगी।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा, प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, चाम्पा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 495671 को स्टील प्लांट तथा केप्टिव पॉवर प्लांट के विस्तार हेतु पत्र क्रमांक J-11011/522/2008-IA-II (IND-I) दिनांक 08.05.2024 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।

सर्व साधारण को यह सूचना संस्थान द्वारा जनहित में समाचार पत्रों के माध्यम से पहुंचाई जा रही है। इस पर्यावरणीय स्वीकृति की संपूर्ण जानकारी वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के MoEFCC website/Parivesh Portal पर https://environmetclearance.nic.in तथा प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की वेब साईट www.prakash.com पर उपलब्ध है।

**प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, चाम्पा,**
**जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495671 मोबाईल नम्बर- 7869964925**

जाँजगीर मार्केट
गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)



## 'द एंटरटेनर्स टूर' की हो चुकी है तैयारी, अक्षय करेंगे मेजबानी

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार 'द एंटरटेनर्स टूर' की मेजबानी करेंगे, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा और इसमें शोबिज की दुनिया की कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पिछला सीजन 2023 में उत्तरी अमेरिका में हुआ था। इस साल यह अगस्त 2024 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। वर्ल्ड टूर का दूसरा सीजन मेलबर्न और सिडनी में होगा। अक्षय के साथ नोरा फतेही, दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर, एलनाज नोरौजी, सोनम बाजवा और स्टेबिन बेन जैसी हस्तियां शामिल होंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय की हाल ही में टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वह जल्द ही 'सरफिरा', 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5' और 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

लाइफ Style



# करीना कानूनी पचड़े में फंसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

जानकारी के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की मुश्किलें बढ़ सकती है। हाईकोर्ट ने करीना को नोटिस जारी किया है। उनकी किताब के टाइटल को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि एक्ट्रेस ने किताब के नाम में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल कर ईसाई समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

एक्ट्रेस ने जुलाई 2021 में अपनी किताब 'करीना कपूर खान्स प्रेग्नेंसी बाइबल' को लॉन्च किया था। अब इस किताब के नाम को लेकर वो कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। एक वकील ने किताब के टाइटल में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई और एक्ट्रेस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में करीना को कोर्ट से नोटिस भेजा गया है। जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में करीना कपूर खान के खिलाफ मामला दायर कर उनपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

क्रिस्टोफर एंथोनी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि करीना कपूर खान ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की मंशा से किताब को लिखा है। किताब के कवर पर 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल आपत्तिजनक है। एंथोनी की याचिका के बाद जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल-जज बेंच ने करीना कपूर खान को नोटिस भेज दिया है। याचिका में किताब एंथोनी ने इस किताब पर बैन लगाने की मांग भी की है। ऐसे में कोर्ट ने किताब बेचने वाले सेलर्स को भी नोटिस भेजा गया है। बताया जा रहा है कि 1 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होना संभावित है।

## हॉलीवुड मसाला



### मोहम्मद रसूलोफ को लगा तगड़ा झटका

**लॉस एंजिलिस।** असंतुष्ट ईरानी निर्देशक मोहम्मद रसूलोफ को ईरानी अदालत ने आठ साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना, उनकी संपत्ति जब्त करने और कोड़े मारने की सजा सुनाई है। रसूलोफ के वकील बाबाक पकनिया ने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पकनिया ने कहा कि फैसला इस्लामिक रिवोल्यूशन कोर्ट की 29वीं शाखा द्वारा जारी किया गया था और आइना कोर्ट ऑफ अपील्स की 36वीं शाखा में इसकी पुष्टि की गई थी। कनिया के अनुसार, अदालत ने पाया कि रसूलोफ के सार्वजनिक बयान, साथ ही उनकी फिल्में और वृत्तचित्र देश की सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने के इरादे से मिलीभगत के उदाहरण थे।



### एकेडमी म्यूजियम मनाएगा भारतीय सिनेमा के संगीत का जश्न

**लांस एंजिलिस।** एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए तीन भारतीय फिल्मों 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) को चुना गया है। कला, विज्ञान और फिल्म निर्माण के कलाकारों को समर्पित एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एकेडमी म्यूजियम ने अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) की संगीत महारत का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम की घोषणा की। इस एलान ने संगीत प्रेमियों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।



## 7 घंटे तक एक ही जगह बैठी रहीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** मनीषा कोराइला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई फिल्म 'सौदागर' से की थी। करियर की पहली ही फिल्म में उन्होंने अपने टैलेंट और अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लिया था। इन दिनों वह भंसाली की सीरीज हीरामंडी में मल्लिका जान की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस रोल के लिए एक्ट्रेस ने जी तोड़ मेहनत की है।उन्होंने बताया कि सीरीज के एक सीन के लिए जिसमें उन्होंने हाथों में मेहंदी लगाई हुई है। इस एक सीन के लिए वह सात घंटे तक एक ही जगह बिना हिले बैठी रही थी। क्योंकि वह इस सीन परफेक्ट करना चाहती थीं और उस किरदार के बारे में जानना चाहती थीं और उसे समझना चाहती थी। मनीषा ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तो मैं समझ ही नहीं पा रही थीं कि क्या मैं इतने घंटे तक काम कर पाऊंगी।



## मन से ऐसे निकला गरीबी का डर

**नई दिल्ली।** अनुपम खेर ने बताया कि वह गरीब परिवार से थे। छोटे से कमरे में 14 लोग रहते थे। उस वक्त उनके दादाजी ने गरीबी के बारे में कुछ ऐसा बताया कि अनुपम के मन से सारे डर दूर हो गए। अनुपम खेर को इस इंडस्ट्री में 40 साल हो गए हैं। फिल्मों में अपनी जगह बनाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। वह एक साधारण और सीमित आय वाले परिवार से थे। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि जब वह गरीबी के दिन गुजार रहे थे तो उनके दादाजी ने क्या सीख दी थी। अनुपम खेर उसे आज भी नहीं भूले हैं। अनुपम खेर ने एक बातचीत में जिंदगी के कई उतार-चढ़ावों पर बात की। उन्होंने बताया कि अपने मन से गरीबी का डर कैसे दूर निकाला। अनुपम खेर बोले, मेरे दादाजी पंडित अमरनाथजी ने मेरे जहन से गरीबी का डर निकाल दिया था। छोटे से कमरे में हम 14 लोग रहते थे।

## टीवी मसाला



### टीवी एक्ट्रेस का प्राइवेट वीडियो लीक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के दौर में आए दिन सेलेब्स की प्राइवेट पिक्चर्स और फोटोज लीक होती रहती हैं, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। वहीं, अब कन्नड़ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस ज्योति रॉय को लेकर भी ऐसी खबर सामने आ रही है। इंटरनेट पर साउथ एक्ट्रेस का इंटीमेट वीडियो वायरल हो गया है, जिससे उनके फैन्स काफी गुस्से में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूजर्स द्वारा एक्ट्रेस के कई वीडियोज और प्राइवेट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल की गईं। इसके बाद अनजान शख्स ने एक्ट्रेस से ये भी कहा कि वो उनका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देगा। एक पॉपुलर और सम्मानित एक्ट्रेस के साथ ऐसा होता देख कर उनके फैन्स काफी अपसेट नजर आ रहे हैं। फैन्स ने उन लोगों के खिलाफ एक्शन की मांग की है, जिन्होंने एक्ट्रेस की प्राइवेसी भंग करने की कोशिश की है। कुछ लोगों सोशल मीडिया पर बेंगलुरू पुलिस को टैग करते हुए जल्द से जल्द केस की जांच की मांग कर रहे हैं। ज्योति रॉय कन्नड़ इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम हैं। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत फिल्मों से की थी, लेकिन फिर कुछ समय बाद उन्होंने टीवी इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। अब तक के एक्टिंग करियर में वो 20 से ज्यादा शोज में काम कर चुकी हैं। उन्हें अपने फेमस कैरेक्टर बंदे बारतवा काला के लिये जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने सीतारामा कल्याणा, गंधादा गुड़ी, 99 और दीया वर्णपतला जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

### छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार हैं राज अनादकट

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है



कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था।

## फिल्म बनाने के लिए बेच दिया था घर और जमीन

क्रांति फिल्म ने तोड़ दिया था शोले का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** कई सालों से जब भी किसी देशभक्ति फिल्म का नाम लिया जाता है तो सबसे पहले जिस एक्टर का नाम आता है वो हैं मनोज कुमार। मनोज कुमार ने शहीद, पूरब और पश्चिम जैसी कई शानदार फिल्में दी हैं। आज भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम किसी ना किसी चैनल पर आती हुई आपको दिख जाएगी। लोग उसे आज भी बहुत ही खुशी से देखते हैं। मनोज ने भारत में अपनी इमेज भारत कुमार के नाम से बना ली थी। लेकिन मनोज कुमार की सबसे करीबी प्रोजेक्ट 1981 में आया, जब उन्होंने क्रांति एक पीरियड एक्शन ड्रामा बनाना शुरू की। ये फिल्म तो हिट रही थी, लेकिन इसे बनाने के लिए उनका घर और जमीन सब बिक गई थी।

क्रांति को मनोज कुमार ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा था। ये फिल्म करीब 3 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी। उस समय के हिसाब से 3 करोड़ की रकम बहुत ज्यादा है। जब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई तो फाइनेंसर और प्रोड्यूसर्स पीछे हट गए थे, जिसके बाद मनोज कुमार के पास कोई ऑप्शन नहीं बचा था। उन्हें खुद फिल्म को प्रोड्यूस करना पड़ा था।

मनोज कुमार फिल्म के लिए पैसा अरेंज करने में बहुत परेशान हो गए थे। उन्होंने फिल्म के लिए अपना दिल्ली वाला बंगला बेच दिया था। जब उस पैसे से भी काम नहीं बना तो मुंबई में अपने प्लॉट को भी बेच दिया था। रिपोर्ट्स की माने तो मनोज कुमार ने रिटायरमेंट के बाद मूवी थिएटर बनाने का प्लान किया था, लेकिन क्रांति के लिए उन्होंने अपना सपना छोड़ दिया था। इस फिल्म में खुद मनोज कुमार, दिलीप कुमार, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और परवीन बाबी अहम किरदार निभाते नजर आए थे. ये फिल्म फरवरी 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति फिल्म रिलीज होने से पहले सेंसेशन बनी हुई थी। इस फिल्म से दिलीप कुमार पांच साल बाद वापसी कर रहे थे। इस फिल्म की शानदार ओपनिंग हुई थी और सक्सेसफुल हुई थी। क्रांति ने इंडिया में 10 करोड़ और वर्ल्डवाइड 16 करोड़ का कलेक्शन किया था। क्रांति ने शोले का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया था।



## क्रिकेटर की पत्नी बनीं और छोड़ी इंडस्ट्री, चौपट हुआ एक्टिंग करियर

**मुंबई।** पर्दे पर 'प्रीति सभरवाल' बन लोगों के दिलों पर छा जाने वालीं एक्ट्रेस सागरिका घाटगे अब क्रिकेटर जहीर खान के दिल पर राज कर रही हैं। क्रिकेटर की पत्नी बनने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। कहा गया गैरधर्म में शादी की वजह से उनका करियर चौपट हो गया है। एक्ट्रेस ने इस मामले पर अब सालों बाद चुप्पी तोड़ी है बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री का नाता नया नहीं है। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स में अपने प्यार की तलाश की और उन्हें अपना हमसफर भी चुना। गीता बसरा, अनुष्का शर्मा, अथिया शेट्टी, हेजल कीच सहित कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने किसी एक्टर से नहीं, बल्कि क्रिकेटर से शादी रचाई है। लेकिन 38 साल की सागरिका घाटगे ने अपनी पहली फिल्म को करने के बाद ही इंडस्ट्री से विदा ले लिया था। साल 2017 में सागरिका घाटगे ने क्रिकेटर जहीर खान से शादी की थी और शादी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। 2020 के बाद वह किसी प्रोजेक्ट्स में नजर नहीं आई हैं। तब दावा ये किया गया कि उन्होंने पति की वजह से ये दूरी बनाई है। शादी के 7 साल बाद उन्होंने इन मामले बात की। उन्होंने कहा, मुझे मेरे पति ने काम के लिए कभी नहीं रोका। ये पूरी तरह से गलत बात है। वह बहुत सपोर्टिव हैं। मैं जो भी करती हूं उसमें वो मेरा हमेशा बेस्ट चाहते हैं। सच तो ये है कि वो मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। उन्होंने कहा कि शादी के वजह से नहीं, बल्कि सच्चाई ये है कि उन्होंने काम के लिए मुझे हमेशा मोटिवेट किया है।

### अब संभाल रही हैं बिजनेस

*जहीर खान की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं, जो निगेटिव विचारों को बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्मों को भले छोड़ चुकी हों, लेकिन काम करना उन्होंने नहीं छोड़ा है। उन्होंने बताया कि वह अब अपना बिजनेस संभाल रही हैं।*

## बॉलीवुड में साउथ की इन ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बन सकते हैं रीमेक

### अक्षय कुमार- अजय देवगन जैसे स्टार दिखा सकते हैं कमाल

*मुंबई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड में कई साउथ इंडियन फिल्मों के रीमेक ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है। दमदार कंटेट, नया फिल्म निर्माण और यादगार किरदारों से शुरू होकर, दक्षिण सिनेमा एक खजाना रहा है। पिछले कुछ सालों में साउथ की कई फिल्मों ने पूरे भारत और उसके बाहर के दर्शकों का ध्यान खींचा है, और फिल्म इंडस्ट्री पर अमिट छाप छोड़ी है। वैसे भी बॉलीवुड की ख्वाहिश हमेशा ही साउथ सिनेमा की फिल्मों को हिंदी बनाने में होती है। बहरहाल, यहां हम उन्हीं फिल्मों के बारे में बात कर रहे हैं जिनके बॉलीवुड में रीमेक बन सकते हैं। यहां उन साउथ इंडियन फिल्मों की क्यूरेटेड लिस्ट है।*

#### जेलर



तमिल ड्रामा में रजनीकांत एक कठोर लेकिन दयालु जेलर की मुख्य भूमिका में हैं, जो एक गिरोह को रोकने के लिए निकलते हैं जब वे अपने नेता से भागने की कोशिश करते हैं। अगर इस ब्लॉकबस्टर ड्रामा को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाए तो यह सस्पेंस और थ्रिलर के तत्वों के साथ एक सीरियस क्राइम ड्रामा हो सकता है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि संजय दत्त को रजनीकांत की जगह पर कदम रखते हुए देखा जाएगा जबकि सिद्धांत चतुर्वेदी उनके बेटे की भूमिका निभा सकते हैं। फिल्म की कहानी एक सख्त और सिद्धांतवादी जेलर के जीवन के इर्द-गिर्द घूम सकती है जो खुद को जेल सिस्टम के भीतर भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष और नैतिक दुविधाओं के जटिल जाल में उलझा हुआ पाता है।

#### लियो



लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'लियो' को लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स कहा जाता है, जिसमें थलपति विजय, तृषा कृष्णन और अर्जुन सरजा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब अगर फिल्म को बॉलीवुड में जगह मिल गई तो क्या होगा? कहानी में अपनी गहराई और आयाम जोड़ते हुए, विजय के रूप में मुख्य भूमिका के लिए अक्षय कुमार, तृषा के रूप में करीना कपूर और अर्जुन सरजा के रूप में जावेद जाफरी सही ऑप्शन हो सकते हैं।

#### पुष्पा



अल्लू अर्जुन की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिर्फ दक्षिण में ही लोकप्रिय नहीं है। यदि 'पुष्पा' को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाता है, तो किसी भी स्टार के बारे में अनुमान लगाने से बच नहीं सकता है जो उनके किरदार के साथ न्याय कर सके। रणवीर सिंह एक ऐसे अभिनेता हैं जो किरदार में अपना अलग स्वभाव ला सकते हैं। रश्मिका मंदाना का किरदार कियारा आडवाणी पर सूट करेगा।



#### कंतारा

ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म दक्षिण कन्नड़ के काल्पनिक गांव पर आधारित एक कहानी है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच वैचारिक संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में देश की परंपरा और संस्कृति में अहंकार की लड़ाई घूमती रहती है। 'कंतारा' के बॉलीवुड रीमेक को लेकर चर्चा जारी है, ऐसे में फिल्म की कास्टिंग के बारे में जानना दिलचस्प होगा। अजय देवगन, जिन्होंने पहले 'दृश्यम' और 'सिंघम' जैसी विभिन्न दक्षिण सिनेमा रीमेक में मुख्य भूमिका निभाई है, 'कांतारा' में भी लीड अभिनेता के रूप में एक अच्छे विकल्प होंगे।

## खबर संक्षेप

### चंचल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का बढ़ाया मान

**किकिरदा -बिर्रा ।** सरस्वती शिशु मंदिर किकिरदा में कक्षा आठवीं की छात्रा चंचल देवांगन ने 91% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। चंचल देवांगन ने अपनी सफलता का श्रेय पिता रामस्वरूप देवांगन एवं माता श्रीमती शकुंतला देवांगन के अलावा गुरु जनों को दिया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य संजय कुमार देवांगन के अलावा डी एन देवांगन ,आचार्य कन्हैयालाल तंबोली, रोशन कुमार देवांगन, रितिक कुमार महंत, दीनबंधु आदित्य ने उसके उज्वल भविष्य की कामना किए हैं।



### हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में रौनक ने प्राप्त किए 96.6 प्रतिशत अंक

**तुस्मा।** ट्रिनिटी कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शिवरीनारायण के छात्र रौनक घृतलहरे ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे शिवरीनारायण नगर को गौरवान्वित किया है। नगर के सभी स्कूलों में इन्होंने पहला स्थान अर्जित किया एवं पूरे जिले में यह द्वितीय स्थान पर रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दियाहै। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



### बोर्ड परीक्षा में शाउमवि के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के छात्र-छात्राओं ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। -कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 96 परीक्षा में बैठे। इसमें प्रथम 24, द्वितीय 26, तृतीय 00, पूरक 13, अनुत्तीर्ण 28, उत्तीर्ण प्रतिशत 57.29 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल दर्ज 84 छात्र-छात्राओं में से 83 परीक्षा में बैठे। इसमें प्रथम 28, द्वितीय 35, तृतीय 01, पूरक 09, अनुत्तीर्ण 10, परीक्षाफल 77.12%।12वीं में प्रथम खगेश्वर 80.8%, द्वितीय दिशा कर्ष एवं आकाश बंजारे 78.6%, तृतीय स्थान पर पूनम पटेल 77.2%, चतुर्थ मनीष 76.6%।वहीं कक्षा 10वीं में प्रथम याशना मनहर 92.16%, द्वितीय नेहा यादव 91.66%, तृतीय भारती 90%।प्राचार्य एफ एल साहू ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं शासकीय दीवान दुर्गेश्वर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणामविद्यालय के प्राचार्य श्री कुर्रे ने बताया कि कक्षा 12वीं में टॉप टेन विद्यार्थी जिसमे हिमानी कश्यप 76.6%, राजेश देवांगन 73.2%, सुनीता कश्यप 66.8%, ज्योति देवांगन 68.2%, आशा कश्यप 66.2%, शिखा पाण्डेय 65.8%, मुकेश चंद्रा 64%, किरन देवांगन 64%, प्रभात कुमार 63.8%, रसिका खूंटे 63.6%, नेहा खूंटे 62.8%।कक्षा 10वीं में टॉप टेन विद्यार्थी जिससे पूजा खूंटे 80%, आकांक्षा केवट 78.16%, रामेश्वरी बघेल 77.83%, रामेश्वरी पटेल 76.33%, चांदनी कुर्रे 74.66%, हितेश दुबे 74.5%, मृत्युंजय मेहरा 73.5%, संगीता बर्मन 73%, किरन साहू 70.66%, हिमेश कुर्रे 69.33%।प्राचार्य एवं स्टाफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दसवीं में मुस्कान व 12वीं में हीना ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झरना।** कक्षा 10 वी में कुमारी मुस्कान राठौर को 94% तो कक्षा 12वी मे हिना देवांगन को 87%अंक प्राप्त किया। ग्राम झरना निवासी हेमप्रकाश राठौर एवम आरती राठौर की पुत्री कुमारी मुस्कान राठौर ने 10 वी में 94% अंक प्राप्त कर स्कूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुस्कान के माता पिता किसान हैं। वहीं खम्हिया निवासी रोहित कुमार देवांगन एवं डोरा बाई देवांगन की पुत्री कुमारी हिना देवांगन कक्षा 12 वी बायो मे 87% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हिना देवांगन के माता पिता बुनकर का कार्य करते हैं। इस अवसर पर दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता के लिए गुरुजन माता पिता को श्रेय दिया है।





## निधन

### सुरेश कुमार दुबे

**जैजैपुर।** प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्ति पंचायत अधिकारी सुरेश कुमार दुबे का 82 वर्ष की आयु में उनके निज निवास नेहरू नगर बिलासपुर में निधन हो गया। वेअपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र संजय दुबे अधिवक्ता उच्च न्यायालय बिलासपुर ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन, शहर के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे वरिष्ठ पत्रकार शशांक दुबे, प्रत्यूष दुबे, हिमांशु दुबे, श्रीमती प्रज्ञा शुक्ला के पिता थे।



### श्रीमती लमित बाई टंडन

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत हनुमंता के प्रतिष्ठित नागरिक भगतुराम टंडन की धर्मपत्नी श्रीमती लमित बाई टंडन 80 वर्ष की आयु में 10 मई को निधन हो गई। वे अपने पीछे भरापुरा परिवार रोता विखलता छोड़ गई है । उनकी अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र गंगाधर टंडन ने दी है । उनके अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल हुए ।



बुनकरों को रजिस्ट्रेशन कराने के बावजूद नहीं मिल रहा योजनाओ का लाभ

# महज पंजीयन करने तक सिमटा ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है, जिसके कारण पंजीकृत बुनकरो को शासन की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिले में बुनकरों का एक बड़ा वर्ग बुनकरी के कार्यो में विगत कई सालों से लगे है।

गौरतलब है कि कोसे के कारीगरी के लिए देश में मशहूर जिले के बुनकरो को शासन की कई कल्याणकारी योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के बुनकर योजनाओ का लाभ पाने के लिए पंजीयन तो करा ले रहे है, लेकिन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियो की उदासीनता के चलते पात्र हितग्राहियो को योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वहीं ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है। जिले में पंजीकृत बुनकरों की संख्या 5 हजार से अधिक है। शासन की योजनाओं के तहत बुनकरों को कीट पालने की व्यवस्था, धागा उपलब्ध कराना, उपकरण सहित अन्य व्यवस्था बनाने का काम विभाग के माध्यम से किया जाना रहता है वहीं बुनकर समितियों की संख्या 110 है, लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता के चलते पंजीकृत बुनकरों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के चाम्पा क्षेत्र कोसे के कारोबार के लिए देश में मशहूर है वहीं चाम्पा शहर से बना कोसे का कपड़ा अमेरिका, रूस, जापान, समेत भारत के बैंग्लोर, चेन्नई, अमरावती, सूरत, पूणे, मुंबई, दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रो में जाता है। लेकिन इसके बाद भी बुनकर के कारोबार से जुड़े लोगो को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुनकरों की स्थिती नहीं सुधर पाई है। ऐसे में वे अपेक्षाकृत कम मजदूरी राशि पाकर काम करने विवश है। वहीं जिम्मेदार विभाग के अफसर उनकी समस्याओ को लेकर गंभीर नही है, जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट भी पैदा हो रहा है। जिले के चाम्पा शहर के अलावा प्रमुख तौर पर सिवनी चाम्पा, चोरिया, खम्हरिया, पोडीशंकर, बिर्रा, केरा, नवागढ, चंद्रपुर, जैजैपुर सहीत अन्य क्षेत्रो में देवांगन समाज समेत अन्य लोगों के द्वारा प्रमुख तौर पर बुनकरी का कार्य किया जाता है। वहीं कई बुनकर आज भी पुराने सिस्टम के आधार पर ही बुनकरी का कार्य करते है वहीं विभाग के अफसर भी आधुनिक बुनकर तकनीक सिखाने को लेकर गंभीर नही है, जिसके कारण बुनकरों को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



# समर कैम्प में बच्चों ने सीखी गई गतिविधियों को किया प्रदर्शन

» डीपी.एस में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 1 मई से 10 मई तक 10 दिवसीय 'ग्रीष्मकालीन शिविर' का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। उक्त समर कैंप में स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अलावा जिले के अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह थी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक कौशल को ध्यान में रखते हुए 'शिविर' में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमे शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य, योगा, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, कोडिंग एण्ड रोबोटिक्स, फोटोग्राफी, ड्रॉइंग एण्ड पेंटिंग्स, फायरलेस कुकिंग एवं वैदिक गणित सम्मिलित किए गए थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत नृत्य प्रशिक्षित बच्चों द्वारा किया गया। साथ ही स्वागत गीत विद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग प्रमुख शिक्षक सुभाष चंद्र यादव ने प्रस्तुत किया। समर कैंप के समापन समारोह में भिन्न-भिन्न छात्र-छात्राओं ने कैंप अवधि के दौरान सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन पूरे आत्मविश्वास के साथ किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चे के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। अभिभावकों ने बच्चों के भीतर जागृत कार्य कुशलता को देखकर अत्यंत प्रसन्नता एवं संतोष का अनुभव किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि ऐसे समय में 'ग्रीष्मकालीन शिविर' का आयोजन किया जाना विद्यालयीन एवं अंतर्विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को एकता के सूत्र में पिरोने का एक सशक्त माध्यम है। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि पूरी तल्लीनता एवं अभिरुचि के साथ किया गया प्रत्येक कार्य बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सबल बनाता है, परिणामस्वरुप बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन विद्यालय की शिक्षिका गार्गी रात्रे एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका निशिता जेनेट हिल ने किया।



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डभरा।** शा.कन्या उ.मा.वि. कोटमी का परीक्षा फल कक्षा 10 वीं में 86.21% एवं 12 वीं में 78.26% रहा। कन्या कोटमी स्कूल में विगत कई वर्षो से संस्कृत , इतिहास, जीव विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक नहीं है। प्राचार्य द्वारा स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी द्वारा उपरोक्त विषयों का तत्काल व्यवथा कराते हुवे पढ़ाई कार्य को सतत जारी कराया गया इसी के तहत विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। कक्षा दसवीं में कु उर्वशी डहरिया पिता भुवनेश्वर डहरिया 90.5%, कु पायल चौहान पिता ललित चौहान 84.16%, कु सुधा सरल पिता दिनेश सरल 84%, कु अंशिका चौहान पिता स्व.शंकर चौहान 82.33% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बारहवीं कक्षा में कु दीपिका भारद्वाज पिता बसंत कुमार भारद्वाज 89.2%, कु आरती विश्वकर्मा पिता गजानंद विश्वकर्मा 89.2% अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डी पी चौधरी ने बच्चों को भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही।





# विप्र बंधुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह महा आरती के पश्चात शाम में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विप्र समाज केशामिल हुए।

- जय परशुराम के नारों से गूंज उठा नगर, मंदिर में हुई आरती

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बलौदा बाजार से पंडित सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने ब्राह्मण समाज के लोगों से संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी की एकजुट काफी आवश्यक है। ब्राह्मण समाज को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को प्रयास करना बहुत जरूरी है। समाज के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे ने कहा कि हम लगातार समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे और जहां भी जिस समाज की जरूरत होगी हम खड़े रहेंगे। मंच पर डॉ डीडी मिश्रा, पंडित राधेश्याम शर्मा, राजेश शर्मा, पंडित देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री, रमेश तिवारी, राकेश द्विवेदी मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन उमेश शर्मा बंटी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश शर्मा, मदनलाल शर्मा, हरिओम शर्मा, मधुसूदन शर्मा, राजेश शर्मा, घनश्याम पांडेय, कमल शर्मा, सजन शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, सुमित शर्मा, विशाल शर्मा, धीरज शर्मा, विकास तिवारी, आकाश शर्मा, अजय शर्मा,अभिषेक शर्मा, बंटी शर्मा, हरीश दुबे, चंद्रप्रकाश तिवारी, रविन्द्र मिश्रा, रितेश शर्मा,सुधीर शर्मा, राज शर्मा, विष्णु शर्मा, तेज प्रकाश उपाध्याय, विनोद पांडेय, राहुल शर्मा, कमल शर्मा का विशेष योगदान रहा। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर कई सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। मुख्य समारोह के दौरान अतिथियों के कर कमलों से स्वागत करने वाले संगठनों का स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया।



स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान करते अतिथि।

### परशुराम जन्मोत्सव पर महाआरती के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

शिवरीनारायण। नगर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्राम्हण समाज के प्रतीक शुक्ला ने बताया भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परशुराम जन्मोत्सव को लेकर पुरुष, महिलाओं, युवाओं के साथ बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखा गया। 10 मई शुक्रवार रात 8 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भव्य स्टेज बनाकर फूल मालाओं से आकर्षक सजाया गया था। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना की गई। भगवान परशुराम को रंग बिरंगे फूलों की माला पहनाई गई। भगवान परशुराम की महाआरती की गई। दीप प्रज्वलित किए गए एवं आसमान में आकाश दीप छोड़े गए। मंदिर परिसर में आकर्षक आतिशबाजी की गई। भगवान को सेतुवा, बूंदी के लडडू, नारियल व मौसमी फल का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के गांव खरौद, गिधौरी, कुम्हारी, केरा, मिसदा के ब्राम्हण समाज के लोग शामिल हुए।



# राजमिस्त्रियों को मिला टीओटी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय राजमिस्त्रियों का टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जांजगीर चाम्पा समेत कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरिया, सरगुजा, कांकेर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, जशपुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर, बस्तर, व अन्य सभी जिले से 34 राजमिस्त्रियों ने भाग लिया।

राजमिस्त्रियों को बांगर सीमेंट कंपनी राज्य तकनीकी प्रमुख धीरज बंसल द्वारा तकनीकी जानकारी दिया गया। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य मिशन संचालक श्रीमती नम्रता जैन आईएएस ने कौशल विकास एवं स्वरोजगार द्वारा आजिविका संवर्धन हेतु प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मनोज मिश्रा ने जानकारी प्रस्तुत किया।इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश में कुल 18 आरसेटी है। उक्त आरसेटी का संचालन अलग अलग बैंकों के द्वारा किया जा रहा है। जहां ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 साल के बीपीएल कार्डधारी परिवार के बेरोजगार युवाओं, युवतियों और महिलाओं को 60 अलग अलग प्रकार के विषयों में विषय विशेषज्ञों द्वारा आरसेटी के डायरेक्टर के मार्गदर्शन में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें राजमिस्त्रियों का टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है। नियंत्रक अरुण कुमार सोनी ने आगे बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी रायपुर में नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय राजमिस्त्रियों का टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 34 राजमिस्त्रियों को विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बांगर सीमेंट कंपनी के विषय विशेषज्ञ एम साईं प्रसाद, छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के निदेशक अशोक सिंह, लीड बैंक मैनेजर अमित रंजन, सिडनी से विकास मिंज,ईडीआई श्रीमती सीबा रॉबर्ट्स,एनएसडीसी मोहम्मद यूसुफ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# हज यात्रियों को शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी ने फूलमाला से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर एवं क्षेत्र के हज यात्रियों को शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी के द्वारा रेलवे स्टेशन में शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। हर साल की तरह इस साल भी हज यात्रा पर देश विदेश के सांथ सांथ छत्तीसगढ़ प्रदेश से हज पे हाजी रवाना हो रहे हैं। हज कमेटी के सदस्य मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि इस साल छत्तीगसढ़ हज की कुल 672 सीटों का आबंटन हज कमेटी ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया है। आवेदकों का रेंडम डिजिटल लॉटरी सिलेक्शन से चयन किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिले के हज यात्री शामिल है।शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी के अध्यक्ष हाजी मौलाना असरफ खान ने हाजियो का फूल माला और साल भेंट कर उनका इस्तेकबाल किया और बताया कि इस साल हमारे शहर से हज के लिये 7 लोग जा रहे हैं। फिरोज खान उनकी माँ शमसुन निशा एम जमाल,सादिक़ सौगदार की रवानगी 11 मई बिलासपुर से हैदराबाद के लिये हुई है और 16 मई को हैदराबाद से उनकी रात के 7 बजे की फ्लाईट से साऊदी अरब जद्दा के लिये उड़ान भारेगी जहाँ उनको 42 दिनों का सफर पर रहना होगा। इसी प्रकार मोहम्मद अनीस मेमन, नीलोफर मेमन, मोहम्मद नुमान मेमन, नमरा मेमन 4 जून को हज के लिए रवाना होंगे। शान ए मोहम्मदी यंग कमेटी व नगर के सभी सर्व समाज के लोगो के द्वारा हज में जाने वाले यात्रियों को फूल माला पहनकर एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर रवाना किया गया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन में मुस्लिम समाज के सदस्यों व नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**खरौद।** शबरी देवी शिक्षण समिति खरौद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद के भैया बहनों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित 10 वी एवं 12 वी की परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर नगर एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

कक्षा दशम में भैया नरेन्द्र कुमार साहू पिता विसाहू साहू 94.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे वही 93.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर बहिन गीतिका साहू पिता अनिल कुमार साहू एवम तृतीय स्थान पर बहिन नीलिमा यादव पिता गोपाल यादव 90.3 प्रतिशत रहे। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में बहिन तनुजा आदित्य पिता पुनी राम आदित्य 86 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे। उक्त छात्र-छात्राओं के इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी चंद्रकांत तिवारी, महेश कुमार सोनी, प्रमोद सोनी, धनसाय यादव, विवेक सोनी, मनोहर लाल देवांगन, शिवरात्रि यादव, योगेन्द्र सोनी, विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू एवम समस्त आचार्यों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।






